卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 237 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦7 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

### मोदी मंत्रीमंडल में उत्तराखंड को भी मिल सकता है प्रतिनिधित्व

## सीएम धामी समेत पांचो सांसद पहुंचे दिल्ली



नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में एनडीए के सभी घटक दलों के अध्यक्षों, एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया है। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नई दिल्ली पहुंच गए हैं। सीएम धामी ने नई दिल्ली पहुंचकर नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोस सीट से निर्वाचित अजय भट्ट से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने भट्ट को शानदार जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। राज्य की पांचों सीटों से नव निर्वाचित सभी सांसद भी दिल्ली पहुंच चुके हैं। गढ़वाल सीट से सांसद अनिल बलूनी और नैनीताल से निर्वाचित सांसद अजय भट्ट पहले ही दिल्ली पहुंच गए हैं। हरिद्वार सीट से चुनाव जीते पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत और टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह भी एनडीए की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान वे केंद्रीय नेतृत्व को लोकसभा की पांचों सीटों पर पार्टी के प्रदर्शन की रिपोर्ट सौंप सकते हैं। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री अब एनडीए सरकार के गठन के बाद ही देहरादून लौटेंगे। नौ जून को नई सरकार का गठन हो सकता है। वहीं उत्तराखंड में क्लीन स्वीप करने से उत्साहित भाजपा के दिग्गजों में से किसी सांसद को केंद्रीय मंत्रीमंडल में शामिल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में हर बार की तरह उत्तराखंड को भी प्रतिनिधित्व दरकार है। पांचों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद भाजपा के राजनीतिक हलकों में चर्चायें तेज हो गई है। माना जा रहा है कि रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने वाले अजय भट्ट और पहली बार चुनावी रण में जीत हासिल करने वाले अनिल बलूनी, त्रिवेंद्र सिंह रावत को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। दरअसल,2014 की मोदी सरकार में उत्तराखंड के अजय टम्टा राज्यमंत्री बने थे। लेकिन यह भी देखा गया कि मोदी सरकार में एक बार बदले गए मंत्री को दोबारा मौका नहीं मिला। 2019 की सरकार में पुराने चेहरे टम्टा के बजाए बतौर शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को मौका मिला। नैनीताल से सांसद अजय भट्ट को रक्षा और पर्यटन राज्यमंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ। अब मोदी की तीसरी कैबिनेट में उत्तराखंड के प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चाएं गरमा रही हैं। हांलाकि मंत्रीमंडल में भाजपा और एनडीए गठबंधन की सरकार गठन को लेकर अभी कुछ भी संभव नहीं माना जा रहा है। शुक्रवार को एनडीए के सांसदों की बैठक में शिरकत करने के बाद मुख्यमंत्री संगठन के केंद्रीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह राज्य की पांच सीटों पर भाजपा के प्रदर्शन की जानकारी देंगे। बता दें कि भाजपा ने लगातार तीन चुनावों में पांचों सीटें जीतने का इतिहास रचा है।उत्तराखंड से विजयी सांसदों में नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ,अल्मोड़ा से अजय टम्टा, पौड़ी से अनिल बलूनी, हरिद्वार से त्रिवेंद्र रावत और टिहरी सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह ने चुनाव जीता है। हालांकि पिछले चुनाव की तुलना में पार्टी को प्राप्त वोटों की संख्या कम रही है। लेकिन लगातार तीसरी बार पांचो सीटों से जीत हासिल कर भाजपा ने अपनी सियासी जमीन को मजबूत कर लिया है।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सड़क हादसों में तीन की मौत

### बद्रीनाथ हाईवे पर बुलेरो गहरी खाई में गिरी,बस ने बुलेट सवार को मारी टक्कर



चमोली(उद संवाददाता)। बदरीनाथ हाईवे पर शुक्रवार सुबह दो अलग–अलग हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बदरीनाथ हाइवे पर एक टैक्सी वाहन दुर्घटनाग्रस्त में दो लोगों की जान चली गई। वहीं चारधाम यात्रियों की बस भी एक वाहन से टकरा गई, जिसमें एक की मौत हो गई। बदरीनाथ हाइवे पर एक टैक्सी वाहन देवलीबगड़ के पास दुर्घटनागग्रस्त हो गई। हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा शुक्रवार सुबह का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार देवली बगड़ के पास एक बुलेरो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकरएसडीआरएफ ओर डीडीआरएफ मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतक चमोली जिले के मासौं गांव के निवासी बताये जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ देवप्रयाग कोडियाला के पास एक बस और एक मोटर साइकिल की टक्कर हो गई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक घायल हो गया। सूचना पर थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। यहां महादेव चट्टी के पास एनएच 07 (ऋषिकेश– बद्रीनाथ) पर एक बस के नीचे अगली तरफ एक बुलट दबी मिली।( शेष पेज सात पर )

## धमाके के साथ फैक्ट्री में फटा सिलेंडर,श्रमिक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान सिलेंडर फट जाने से वहां कार्य कर रहा एक श्रमिक गंभीर रूप एउसे झुलस गया । जिसे फैक्ट्री के चाहन से उपचार के लिए जिला चिर्कित्सालय ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार करा कर श्रमिक को तत्कात अन्यत्र ले गये। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मामले को पूरी तरह से गोपनीय रखने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज दोपहर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान तेज धमाके से सिलेंडर फट गया।



जिससे वहां काम कर रहे श्रमिकों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान मौके पर काम कर रहा एक श्रमिक गंभीर रूप एसे घायल हो गया। उसका शरीर कई जगह से झुलस गया और सिर तथा अन्य अंगों पर गहरी चोटें भी आ गई। अचानक हुई इस दुर्घटना से फैक्ट्री प्रबंधन में खलबली मच गई। आनन फानन( शेष पेज सात पर )

## दो माह से गायब छात्रा हुई बरामद, आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता एक छात्रा को पुलिस ने ढूंढ निकाला। इस मामले में पुलिस ने धारा 365



आईपीसी में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर धारा 365 को 363 आईपीसी में तरमीम कर धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर दी। गिरफ्तार अभियुक्त को जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया। बता दे कि आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी 15 वर्षीय एक किशोरी बीते 3 अप्रैल की सुबह 8:00 बजे के लगभग घर से स्कूल के लिए निकली लेकिन रास्ते से वह बेहद संदीप परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों को इसकी ( शेष पेज सात पर )

## आठ बाईकों सहित तीन ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार



किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्रान्तर्गत विगत दिनों हुयी वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण करते हुए चोरी की आठ मोटरसाईकिलों सहित तीन ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोटके ने बताया कि कोतवाली किच्छा में वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा वाहन चौकिंग के दौरान हल्द्वानी रोड में बेनी मजार के पास बिना नम्बर की मोटर साईकिल पर सवार तीन लड़कों को रोका गया । जो पुलिस पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 2 मई को गुंजन पैलेस किच्छा से चोरी हुई मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 बीबी 6775 बरामद हुई। पूछताछ करने पर उक्त तीनों की निशादेही पर चोरी की सात अन्य मोटर साईकिलें बरामद हुयी। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सुकुम सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी गोल गेट थाना पंतनगर,कृष कुमार पुत्र प्रदीप कुमार निवासी बेनी कॉलोनी थाना पंतनगर तथा आबिद अली उर्फ छन्नू पुत्र साकिर अली निवासी गोल गेट पंतनगर बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सुन्दरम शर्मा, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली किच्छा,वउनि विनोद जोशी, उनि विजय कुमार, ओमप्रकाश सिंह नेगी, अर्जुन सिंह, राजेन्द्र पंत,अपर उनि जगदीश महरा, का. त्रिलोक पाण्डे, खष्टी पाठक व मोनिया शामिल थे।

## लाखों की स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन नशा तस्करों को लाखों रूपये कीमत की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष पुलभट्टा रविन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा रात्रि चैकिग के दौरान चौकी बरा क्षेत्रान्तर्गत बैगुल पुल के पास बिना नम्बर की मोटर साईकिल पर जा रहे तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ कर पूछताछ की तो ( शेष पेज सात पर )



## झारखंड हाईकोर्ट से राहुल को झटका,याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, राहुल ने 2018 में भाजपा नेता अमित शाह के खिलाफ राहुल की कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में ट्रायल कोर्ट में उनके खिलाफ मामले को रद्द करने के लिए याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने इस अर्जी को शुक्रवार को खारिज कर दिया। इससे पहले 16 फरवरी को राहुल गांधी का लिखित पक्ष कोर्ट में पेश किया गया था, जिसके बाद जस्टिस अंबुजनाथ की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।मामला चाईबासा में 2018 कांग्रेस सत्र के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के चुनावी भाषण से जुड़ा है। झारखंड हाईकोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर करने वाले बीजेपी नेता नवीन झा ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रवार प्रत्याशियों को मिले मतों का विवरण

| Serial No. Of Polling Station | | No of Valid Votes Cast in favour of | | | | | | | | | | Total of Valid Votes | No. Of Rejected Votes | Votes for NOTA | Total | No. Of Tendered Votes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | AKHTAR ALI | AJAY BHATT | PRAKASH JOSHI | AKHALESH KUMAR | AMAR SINGH SAINI | JEEVAN CHANDRA UPRETI | SHIB SINGH | SURENDRA SINGH | RAMESH KUMAR MAX | HITESH PATHAK | | | | | |
| 1 | 1 | 9 | 616 | 318 | 6 | 0 | 3 | 3 | 3 | 4 | 3 | 965 | 0 | 8 | 973 | 0 |
| 2 | 2 | 7 | 354 | 154 | 2 | 0 | 0 | 1 | 4 | 2 | 2 | 526 | 0 | 3 | 529 | 0 |
| 3 | 3 | 5 | 319 | 151 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 478 | 0 | 3 | 481 | 0 |
| 4 | 4 | 5 | 319 | 193 | 5 | 1 | 7 | 2 | 2 | 1 | 3 | 538 | 0 | 9 | 547 | 0 |
| 5 | 5 | 9 | 665 | 152 | 2 | 6 | 2 | 4 | 1 | 2 | 7 | 850 | 0 | 13 | 863 | 0 |
| 6 | 6 | 2 | 257 | 48 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 311 | 0 | 0 | 311 | 0 |
| 7 | 7 | 1 | 472 | 221 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 2 | 705 | 0 | 5 | 710 | 0 |
| 8 | 8 | 4 | 379 | 206 | 8 | 2 | 2 | 0 | 3 | 2 | 4 | 610 | 0 | 7 | 617 | 0 |
| 9 | 9 | 4 | 565 | 173 | 4 | 0 | 1 | 5 | 0 | 6 | 7 | 765 | 0 | 5 | 770 | 0 |
| 10 | 10 | 3 | 416 | 144 | 4 | 3 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 577 | 0 | 7 | 584 | 0 |
| 11 | 11 | 4 | 251 | 152 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 408 | 0 | 5 | 413 | 0 |
| 12 | 12 | 11 | 540 | 89 | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 649 | 0 | 7 | 656 | 0 |
| 13 | 13 | 7 | 588 | 144 | 2 | 1 | 4 | 0 | 1 | 2 | 2 | 751 | 0 | 9 | 760 | 0 |
| 14 | 14 | 27 | 631 | 150 | 4 | 2 | 3 | 1 | 0 | 5 | 3 | 826 | 0 | 1 | 827 | 0 |
| 15 | 15 | 1 | 8 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 0 | 0 | 17 | 0 |
| 16 | 16 | 5 | 418 | 361 | 8 | 5 | 2 | 2 | 3 | 3 | 6 | 813 | 0 | 6 | 819 | 0 |
| 17 | 17 | 1 | 863 | 173 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 2 | 3 | 1045 | 0 | 6 | 1051 | 0 |
| 18 | 18 | 6 | 540 | 42 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 592 | 0 | 1 | 593 | 0 |
| 19 | 19 | 3 | 512 | 61 | 2 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 582 | 0 | 4 | 586 | 0 |
| 20 | 20 | 7 | 920 | 64 | 0 | 2 | 5 | 1 | 3 | 2 | 2 | 1006 | 0 | 11 | 1017 | 0 |
| 21 | 21 | 3 | 804 | 112 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 929 | 0 | 5 | 934 | 0 |
| 22 | 22 | 5 | 649 | 88 | 1 | 0 | 4 | 0 | 1 | 0 | 1 | 749 | 0 | 4 | 753 | 0 |
| 23 | 23 | 4 | 617 | 86 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 713 | 0 | 3 | 716 | 0 |
| 24 | 24 | 4 | 950 | 128 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1089 | 0 | 1 | 1090 | 0 |
| 25 | 25 | 2 | 651 | 152 | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | 814 | 0 | 8 | 822 | 0 |
| 26 | 26 | 9 | 588 | 130 | 1 | 2 | 2 | 2 | 0 | 3 | 2 | 739 | 0 | 5 | 744 | 0 |
| 27 | 27 | 1 | 622 | 111 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 738 | 0 | 4 | 742 | 0 |
| 28 | 28 | 9 | 882 | 79 | 1 | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 979 | 0 | 6 | 985 | 0 |
| 29 | 29 | 5 | 730 | 63 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 799 | 0 | 4 | 803 | 0 |
| 30 | 30 | 1 | 76 | 14 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 93 | 0 | 1 | 94 | 0 |
| 31 | 31 | 6 | 1038 | 75 | 2 | 2 | 0 | 1 | 4 | 1 | 6 | 1135 | 0 | 11 | 1146 | 0 |
| 32 | 32 | 13 | 741 | 73 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 834 | 0 | 9 | 843 | 0 |
| 33 | 33 | 5 | 442 | 46 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 495 | 0 | 3 | 498 | 0 |
| 34 | 34 | 11 | 954 | 114 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 | 3 | 1090 | 0 | 6 | 1096 | 0 |
| 35 | 35 | 4 | 422 | 125 | 4 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 3 | 562 | 0 | 11 | 573 | 0 |
| 36 | 36 | 1 | 607 | 135 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 1 | 3 | 751 | 0 | 5 | 756 | 0 |
| 37 | 37 | 3 | 407 | 114 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 5 | 532 | 0 | 3 | 535 | 0 |
| 38 | 38 | 1 | 700 | 119 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 3 | 3 | 829 | 0 | 6 | 835 | 0 |
| 39 | 39 | 3 | 763 | 116 | 2 | 0 | 1 | 4 | 0 | 2 | 2 | 893 | 0 | 1 | 894 | 0 |
| 40 | 40 | 11 | 328 | 102 | 2 | 5 | 1 | 2 | 3 | 5 | 3 | 462 | 0 | 5 | 467 | 0 |
| 41 | 40A | 11 | 351 | 118 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 482 | 0 | 7 | 489 | 0 |
| 42 | 41 | 6 | 456 | 222 | 2 | 1 | 0 | 3 | 0 | 2 | 0 | 692 | 0 | 9 | 701 | 0 |
| 43 | 42 | 51 | 454 | 148 | 2 | 4 | 3 | 4 | 5 | 0 | 1 | 672 | 0 | 6 | 678 | 0 |
| 44 | 43 | 4 | 840 | 93 | 1 | 3 | 0 | 1 | 2 | 2 | 2 | 948 | 0 | 7 | 955 | 0 |
| 45 | 44 | 2 | 640 | 104 | 3 | 3 | 3 | 0 | 0 | 1 | 2 | 758 | 0 | 2 | 760 | 0 |
| 46 | 45 | 4 | 594 | 108 | 2 | 2 | 0 | 4 | 1 | 3 | 0 | 718 | 0 | 5 | 723 | 0 |
| 47 | 46 | 2 | 713 | 105 | 4 | 0 | 0 | 1 | 1 | 4 | 5 | 835 | 0 | 6 | 841 | 0 |
| 48 | 47 | 2 | 434 | 98 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 | 0 | 1 | 543 | 0 | 3 | 546 | 0 |
| 49 | 48 | 5 | 699 | 131 | 2 | 1 | 4 | 4 | 0 | 1 | 3 | 850 | 0 | 6 | 856 | 0 |
| 50 | 49 | 5 | 739 | 91 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 842 | 0 | 2 | 844 | 0 |
| 51 | 50 | 4 | 682 | 169 | 0 | 3 | 2 | 2 | 0 | 1 | 5 | 868 | 0 | 3 | 871 | 0 |
| 52 | 51 | 7 | 318 | 147 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 479 | 0 | 4 | 483 | 0 |
| 53 | 52 | 1 | 371 | 174 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 551 | 0 | 4 | 555 | 0 |
| 54 | 53 | 3 | 644 | 122 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 772 | 0 | 3 | 775 | 0 |
| 55 | 54 | 1 | 433 | 115 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 552 | 0 | 2 | 554 | 0 |
| 56 | 55 | 3 | 693 | 143 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 841 | 0 | 6 | 847 | 0 |
| 57 | 56 | 3 | 596 | 142 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 747 | 0 | 2 | 749 | 1 |
| 58 | 57 | 3 | 371 | 351 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 732 | 0 | 10 | 742 | 0 |
| 59 | 58 | 4 | 238 | 174 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 420 | 0 | 4 | 424 | 0 |
| 60 | 59 | 9 | 316 | 556 | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 888 | 0 | 3 | 891 | 0 |
| 61 | 60 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 62 | 61 | 9 | 324 | 295 | 4 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 636 | 0 | 2 | 638 | 0 |
| 63 | 62 | 1 | 597 | 220 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 820 | 0 | 1 | 821 | 0 |
| 64 | 63 | 7 | 304 | 258 | 6 | 2 | 0 | 1 | 3 | 1 | 3 | 585 | 0 | 4 | 589 | 0 |
| 65 | 64 | 22 | 223 | 349 | 7 | 4 | 6 | 0 | 1 | 0 | 2 | 614 | 0 | 2 | 616 | 0 |
| 66 | 65 | 0 | 201 | 237 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 443 | 0 | 1 | 444 | 0 |
| 67 | 66 | 2 | 58 | 413 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 1 | 480 | 0 | 6 | 486 | 0 |
| 68 | 67 | 3 | 67 | 735 | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 812 | 0 | 3 | 815 | 1 |
| 69 | 68 | 5 | 146 | 290 | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 447 | 0 | 3 | 450 | 0 |
| 70 | 69 | 3 | 90 | 333 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 428 | 0 | 0 | 428 | 0 |
| 71 | 70 | 8 | 545 | 240 | 1 | 4 | 0 | 1 | 0 | 2 | 8 | 809 | 0 | 3 | 812 | 0 |
| 72 | 71 | 1 | 396 | 250 | 2 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 1 | 656 | 0 | 10 | 666 | 0 |
| 73 | 72 | 1 | 105 | 513 | 3 | 0 | 2 | 0 | 2 | 3 | 1 | 630 | 0 | 6 | 636 | 0 |
| 74 | 73 | 3 | 523 | 303 | 5 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 5 | 843 | 0 | 8 | 851 | 0 |
| 75 | 74 | 38 | 317 | 327 | 3 | 3 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 692 | 0 | 5 | 697 | 0 |
| 76 | 75 | 10 | 495 | 201 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 4 | 713 | 0 | 1 | 714 | 0 |
| 77 | 76 | 10 | 413 | 66 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 4 | 497 | 0 | 4 | 501 | 0 |
| 78 | 77 | 6 | 316 | 101 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 1 | 429 | 0 | 7 | 436 | 0 |
| 79 | 78 | 29 | 430 | 202 | 5 | 2 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 672 | 0 | 0 | 672 | 0 |
| 80 | 79 | 50 | 309 | 70 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 435 | 0 | 5 | 440 | 0 |
| 81 | 80 | 0 | 380 | 43 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 426 | 0 | 3 | 429 | 0 |
| 82 | 81 | 5 | 270 | 161 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 441 | 0 | 1 | 442 | 0 |
| 83 | 82 | 0 | 158 | 155 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 316 | 0 | 0 | 316 | 0 |
| 84 | 83 | 10 | 486 | 169 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 674 | 0 | 2 | 676 | 0 |
| 85 | 84 | 6 | 529 | 274 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 816 | 0 | 5 | 821 | 0 |
| 86 | 85 | 3 | 593 | 155 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 758 | 0 | 5 | 763 | 0 |
| 87 | 86 | 10 | 429 | 263 | 4 | 2 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 713 | 0 | 3 | 716 | 0 |
| 88 | 87 | 2 | 207 | 189 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 400 | 0 | 3 | 403 | 0 |
| 89 | 88 | 1 | 41 | 540 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 592 | 0 | 3 | 595 | 0 |
| 90 | 89 | 5 | 358 | 142 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 | 515 | 0 | 1 | 516 | 0 |
| 91 | 90 | 6 | 45 | 464 | 8 | 0 | 5 | 0 | 0 | 3 | 3 | 534 | 0 | 3 | 537 | 0 |
| 92 | 91 | 2 | 87 | 455 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 550 | 0 | 5 | 555 | 0 |
| 93 | 92 | 11 | 387 | 66 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 470 | 0 | 2 | 472 | 0 |
| 94 | 93 | 5 | 307 | 346 | 10 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 672 | 0 | 5 | 677 | 0 |
| 95 | 94 | 25 | 198 | 112 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 336 | 0 | 3 | 339 | 0 |
| 96 | 95 | 3 | 373 | 404 | 1 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 2 | 788 | 0 | 6 | 794 | 0 |
| 97 | 96 | 12 | 224 | 458 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 701 | 0 | 4 | 705 | 0 |
| 98 | 97 | 5 | 268 | 356 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 634 | 0 | 1 | 635 | 0 |
| 99 | 98 | 0 | 324 | 22 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 348 | 0 | 1 | 349 | 0 |
| 100 | 99 | 2 | 223 | 686 | 5 | 3 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 923 | 0 | 1 | 924 | 0 |
| 101 | 100 | 2 | 28 | 490 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 526 | 0 | 1 | 527 | 0 |
| 102 | 101 | 0 | 524 | 64 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 592 | 0 | 1 | 593 | 0 |
| 103 | 102 | 9 | 440 | 213 | 0 | 3 | 1 | 2 | 0 | 1 | 3 | 672 | 0 | 5 | 677 | 0 |
| 104 | 103 | 3 | 386 | 168 | 0 | 8 | 0 | 1 | 0 | 1 | 4 | 571 | 0 | 2 | 573 | 0 |
| 105 | 104 | 5 | 381 | 204 | 2 | 1 | 1 | 3 | 3 | 1 | 0 | 601 | 0 | 2 | 603 | 0 |
| 106 | 105 | 6 | 495 | 157 | 0 | 4 | 2 | 2 | 1 | 3 | 2 | 672 | 0 | 5 | 677 | 0 |
| 107 | 106 | 66 | 279 | 227 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 4 | 580 | 0 | 5 | 585 | 0 |
| 108 | 107 | 39 | 411 | 139 | 3 | 0 | 3 | 1 | 2 | 5 | 0 | 603 | 0 | 4 | 607 | 0 |
| 109 | 108 | 28 | 383 | 230 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 | 1 | 3 | 651 | 0 | 4 | 655 | 0 |
| 110 | 109 | 1 | 153 | 138 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | 298 | 0 | 7 | 305 | 0 |
| 111 | 110 | 3 | 92 | 152 | 5 | 1 | 2 | 2 | 1 | 3 | 3 | 264 | 0 | 7 | 271 | 0 |
| 112 | 111 | 6 | 493 | 119 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 624 | 0 | 7 | 631 | 0 |
| 113 | 112 | 5 | 517 | 201 | 4 | 4 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 746 | 0 | 6 | 752 | 0 |
| 114 | 113 | 2 | 288 | 183 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 478 | 0 | 0 | 478 | 0 |
| 115 | 114 | 3 | 291 | 150 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 447 | 0 | 3 | 450 | 0 |
| 116 | 115 | 11 | 660 | 87 | 1 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 | 768 | 0 | 6 | 774 | 0 |
| 117 | 116 | 2 | 396 | 132 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 7 | 0 | 539 | 0 | 0 | 539 | 0 |
| 118 | 117 | 1 | 385 | 123 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 515 | 0 | 1 | 516 | 0 |
| 119 | 118 | 1 | 28 | 463 | 5 | 1 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 502 | 0 | 3 | 505 | 0 |
| 120 | 119 | 11 | 554 | 108 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 676 | 0 | 4 | 680 | 0 |
| 121 | 120 | 22 | 473 | 227 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 2 | 2 | 744 | 0 | 3 | 747 | 0 |
| 122 | 121 | 5 | 253 | 122 | 0 | 1 | 4 | 2 | 1 | 3 | 0 | 391 | 0 | 6 | 397 | 0 |
| 123 | 122 | 8 | 120 | 165 | 4 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 301 | 0 | 3 | 304 | 0 |
| 124 | 123 | 32 | 543 | 180 | 5 | 14 | 2 | 2 | 1 | 4 | 7 | 790 | 0 | 6 | 796 | 0 |
| 125 | 124 | 4 | 179 | 402 | 4 | 1 | 2 | 0 | 1 | 2 | 3 | 598 | 0 | 3 | 601 | 0 |
| 126 | 125 | 1 | 162 | 325 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 494 | 0 | 5 | 499 | 0 |
| 127 | 126 | 3 | 206 | 339 | 7 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | 561 | 0 | 7 | 568 | 0 |
| 128 | 127 | 6 | 239 | 242 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 493 | 0 | 2 | 495 | 0 |
| 129 | 128 | 5 | 144 | 319 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 471 | 0 | 2 | 473 | 0 |
| 130 | 129 | 12 | 309 | 388 | 3 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 715 | 0 | 1 | 716 | 0 |
| 131 | 130 | 7 | 410 | 96 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 516 | 0 | 5 | 521 | 0 |
| 132 | 131 | 36 | 201 | 123 | 2 | 1 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 368 | 0 | 1 | 369 | 0 |
| 133 | 132 | 47 | 384 | 211 | 3 | 3 | 2 | 2 | 3 | 2 | 0 | 657 | 0 | 4 | 661 | 0 |
| 134 | 133 | 8 | 117 | 312 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 441 | 0 | 1 | 442 | 0 |
| 135 | 134 | 2 | 72 | 175 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 253 | 0 | 2 | 255 | 0 |
| 136 | 135 | 2 | 188 | 209 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 406 | 0 | 2 | 408 | 0 |
| 137 | 136 | 2 | 75 | 253 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 333 | 0 | 1 | 334 | 0 |
| 138 | 137 | 0 | 156 | 552 | 4 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 716 | 0 | 3 | 719 | 0 |
| 139 | 138 | 2 | 229 | 171 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 404 | 0 | 0 | 404 | 0 |
| 140 | 139 | 4 | 231 | 245 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 484 | 0 | 2 | 486 | 0 |
| 141 | 140 | 18 | 574 | 221 | 2 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 819 | 0 | 5 | 824 | 0 |
| 142 | 141 | 53 | 452 | 221 | 6 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 | 738 | 0 | 4 | 742 | 0 |
| 143 | 142 | 8 | 281 | 128 | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 423 | 0 | 3 | 426 | 0 |
| 144 | 143 | 9 | 522 | 66 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 602 | 0 | 4 | 606 | 0 |
| 145 | 144 | 10 | 364 | 432 | 1 | 3 | 2 | 0 | 3 | 0 | 2 | 817 | 0 | 3 | 820 | 0 |
| 146 | 145 | 103 | 153 | 174 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 433 | 0 | 0 | 433 | 0 |
| 147 | 146 | 5 | 543 | 201 | 3 | 1 | 2 | 1 | 0 | 4 | 4 | 764 | 0 | 5 | 769 | 0 |
| 148 | 147 | 5 | 77 | 344 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 431 | 0 | 5 | 436 | 0 |
| 149 | 148 | 4 | 305 | 212 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 525 | 0 | 0 | 525 | 0 |
| 150 | 149 | 12 | 496 | 177 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 5 | 695 | 0 | 8 | 703 | 0 |
| 151 | 150 | 4 | 136 | 411 | 4 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 559 | 0 | 1 | 560 | 0 |
| 152 | 151 | 5 | 86 | 441 | 6 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | 1 | 544 | 0 | 3 | 547 | 0 |
| 153 | 152 | 3 | 82 | 688 | 5 | 1 | 2 | 0 | 0 | 5 | 0 | 786 | 0 | 4 | 790 | 0 |
| 154 | 153 | 5 | 111 | 618 | 3 | 0 | 2 | 3 | 3 | 1 | 0 | 746 | 0 | 0 | 746 | 0 |
| 155 | 154 | 2 | 47 | 541 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 600 | 0 | 2 | 602 | 0 |
| 156 | 155 | 3 | 168 | 441 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 617 | 0 | 4 | 621 | 0 |
| 157 | 156 | 0 | 155 | 590 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 751 | 0 | 2 | 753 | 0 |
| 158 | 157 | 4 | 78 | 433 | 4 | 2 | 1 | 0 | 4 | 2 | 3 | 531 | 0 | 6 | 537 | 0 |
| 159 | 158 | 3 | 91 | 453 | 4 | 2 | 0 | 2 | 3 | 0 | 2 | 560 | 0 | 8 | 568 | 0 |
| 160 | 159 | 10 | 592 | 126 | 2 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 4 | 739 | 0 | 4 | 743 | 0 |
| 161 | 160 | 8 | 362 | 155 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 4 | 2 | 534 | 0 | 1 | 535 | 0 |
| 162 | 161 | 5 | 325 | 157 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 2 | 1 | 496 | 0 | 2 | 498 | 0 |
| 163 | 162 | 56 | 401 | 164 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 3 | 629 | 0 | 1 | 630 | 0 |
| 164 | 163 | 8 | 355 | 179 | 5 | 0 | 2 | 1 | 2 | 9 | 4 | 565 | 0 | 6 | 571 | 0 |
| Total EVM Votes | | 1428 | 63563 | 35537 | 346 | 212 | 175 | 125 | 127 | 240 | 289 | 102042 | 0 | 646 | 102688 | 2 |

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# प्रदेश के चार नगर निकायों में परिसीमन पूरा

## अब सभी 99 निकायों में होगी चुनाव की तैयारी
## अक्तूबर में तक खिसक सकते हैं निकाय चुनाव




देहरादून। राज्य के चार नगर निकायों में सीमा विस्तार और परिसीमन पूरा होने के बाद अब राज्य निर्वाचन आयोग यहां की मतदाता सूची पुनरीक्षण कराएगा। जो नए इलाके इन निकायों में शामिल हुए हैं, उनके निवासियों की वोट बनाने का काम 15 जून से शुरू होने जा रहा है। चार नगर निकायों में परिसीमन का काम पूरा न होने की वजह से शहरी विकास विभाग ने इनका प्रस्ताव राज्य निर्वाचन आयोग को नहीं भेजा था। अब परिसीमन पूरा होने के बाद प्रस्ताव भेजा तो राज्य निर्वाचन आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। आदेश के मुताबिक संबंधित जिलाधिकारियों को 10 से 12 जून तक संगणकों, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करनी है। 13 जून को उनका प्रशिक्षण होगा। 14 जून से 28 जून तक वह घर-घर जाकर गणना व सर्वे करेंगे। 29 जून से एक जुलाई के बीच उन्हें वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट तैयार करना होगा। इसमें दो जुलाई से 21 जुलाई तक डाटा एंट्री होगी। 22 जुलाई को ड्राफ्ट प्रकाशित होगा, जिस पर 23 से 29 जुलाई के बीच आपत्तियां ली जाएंगी। 30 जुलाई से एक अगस्त के बीच इनका निस्तारण करना होगा और नौ अगस्त को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करनी होगी। एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं के भी वोट प्राथमिकता पर बनाने के निर्देश दिए हैं। अभी तक राज्य निर्वाचन आयोग ने 102 में से 93 निकायों में चुनाव की तैयारी की थी। नगर निगम रुड़की का कार्यकाल नवंबर में तो नगर पालिका बाजपुर का कार्यकाल जुलाई में पूरा हो रहा है। इस तरह इन दोनों को मिलाकर 95 नगर निकाय हो जाएंगे। इसके अलावा जिन चार निकायों में वोटर लिस्ट बनाने का काम शुरू होने जा रहा है, वहां भी इसके साथ ही चुनाव होंगे। कुल मिलाकर 99 नगर निकायों में चुनाव होंगे। नगर पंचायत बदरीनाथ, नगर पंचायत केदारनाथ, नगर पंचायत गंगोत्री हिमाच्छादित क्षेत्र होने के कारण चुनाव नहीं कराए जाते। नगर निकायों के चुनाव के लिए सबसे पहले ओबीसी आरक्षण में बदलाव को सरकार को एक्ट में संशोधन करना है। बुधवार को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने जा रही है। इसके बाद इस एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जाएगा। इस बदलाव को लागू करने के बाद जिलाधिकारियों के स्तर पर आपत्तियां व सुझाव मांगे जाएंगे। इनका निस्तारण करने के बाद जिलों से सभी निकायों के प्रस्ताव राज्य निर्वाचन आयोग को भेजे जाएंगे। इस आधार पर आयोग अधिसूचना जारी करेगा। करीब दो माह का समय लगने का अनुमान है। सरकार ने प्रशासकों के कार्यकाल तीन माह बढ़ाया है। अगस्त में मानसून की चुनौती भी सरकार के सामने है। माना जा रहा है कि निकाय चुनाव सितंबर-अक्तूबर में तक खिसक सकते हैं।

# चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पहुंचकर कैबिनेट मंत्री महाराज ने लिया जायजा

हरिद्वार। मानसून सीजन से पहले विभागों के साथ बैठक करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पंजीकरण केंद्र ऋषिकुल परिसर पहुंचकर केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए स्लॉट जल्द बढ़ाए जाएंगे। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी ना आए इस संबंध में भी उन्होंने रणनीति बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वहीं, उन्होंने पंजीकरण केंद्र में निरंजनी अखाड़े द्वारा



संचालित लंगर में पहुंचकर भोजन प्रसाद का पैकेट भी वितरित किया। साथ ही खुद भी प्रसाद लिया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मानव सेवा से संतों ने धर्म नगरी ही नहीं समूचे देवभूमि के आर्थिक सत्कार का परिचय दिया है। बता दें कि निरंजनी अखाड़े की ओर से चार धाम यात्रियों को पूरी, आलू की सूखी सब्जी और साथ में आचार के पैकेट भंडारे में निशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य को लेकर अखाड़े और मां मनसा देवी ट्रस्ट की ओर से लंगर निरंतर चलता रहेगा। कहा कि जब तक पंजीकरण के लिए यात्री आते रहेंगे लंगर बंद नहीं किया जाएगा।

# कार पलटने से युवक की मौत

पिथौरागढ़। गणाई गंगोली तहसील मुख्यालय के पास कार अनियंत्रित होकर पलटी गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।हादसा गुरुवार सुबह का है। मिली जानकारी के अनुसार कार सवार थल से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। इस दौरान कार बेकाबू होकर 25 मीटर नीचे चौकी जाने वाली सड़क पर गिर गई। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हादसे में घायल युवकों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।घायलों को पुलिस की मदद से गणाई गंगोली स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने सूरज सिंह निवासी भट्टी गांव को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रकाश सिंह निवासी प्रेमनगर गंभीर घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रदेश अध्यक्ष को दी जीत की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। बधाई देने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी सन्तोष आर्य, कामेश्वर सिंह जेटली, राधे लाल पूर्व प्रवक्ता शिक्षा विभाग आदि शामिल रहे।



# किच्छा नगला मार्ग को फॉर लेन की स्वीकृति मिलने पर जताया आभार

किच्छा( उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया किच्छा नगला मार्ग को फोर लाइन बनाने मांग उनके द्वारा लंबे समय से की जा रही थी तथा इस सम्बन्ध में उन्होंहे कई बार पत्र भी राज्य



सरकार को लिखें थे व व्यक्तिगत रूप से लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज से मिले भी थे।जिसको राज्य सरकार द्वारा दे दी गयी है तथा इसका जीओ जारी कर दिया गया है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा कुल 15.20 किलोमीटर टू लाइन सडक को फॉर लाइन में परिवर्तित करने की स्वीकृति दे दी गयी है तथा प्रथम चरण का आँगनण जिसकी कुल लागत 91.15 लाख है की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत किच्छा नगला राज्य मार्ग 44 के 0.00 किलोमीटर से 12.50 किलोमीटर तक तथा 15.00 से 17.70 किलोमीटर तक टू लाइन को फोर लाइन में परिवर्तित किए जाने की प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा प्रथम चरण में 10 लाख जारी किये गए है तथा द्वितीय चरण के आंगनण तैयार कराये जा रहे है।विधायक बेहड ने उत्तराखंड मुख्यमंत्री माननीय पुष्कर सिंह धामी तथा लोक निर्माण मंत्री श्री सतपाल महाराज जी को फॉर लेन की स्वीकृति प्रदान करने हेतु आभार जताया तथा बताया कि इस सडक के फॉर लेन होने के बाद यहाँ के निवासियों को जाम से भी काफी निजात मिलेगी व हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों के लिए भी सफर आसान होगा।

# भीषण गर्मी से केलाखेड़ा में जल संकट गहराया

केलाखेड़ा( उद संवाददाता)। भीषण गर्मी से केलाखेड़ा नगर में ग्रामीण क्षेत्र में जलस्तर गिरता नजर आ रहा है। जिसको लेकर केलाखेड़ा ग्रामीण में शहरी क्षेत्र के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि केलाखेडा क्षेत्र बरसों से पानी के संकट से जूझ रहा है। नगर मे जल निगम की द्वारा बनाई गई दो टंकी है जिसमे एक के द्वारा अधिकतर जल ग्रामीण क्षेत्र को दिया जाता है तथा दूसरी बड़ी टंकी द्वारा केलाखेड़ा शहरी क्षेत्र को आपूर्ति की जाती है। किंतु गर्मी के चलते विद्युत कटौती और जलस्तर के गिरने से इन टंकी में पर्याप्त पानी नहीं रह पाता, जिससे नगर मे जल संकट गहरा जाता है। पूर्व मे स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समाचार पत्रों के द्वारा जल विभाग को अनेक बार इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है किंतु अभी तक कोई ठोस स्थाई समाधान नहीं निकाला जा सका। हाल ही में जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जल विभाग द्वारा नगर के गांधीनगर वार्ड में एक बोर कराया गया था जो सफल नही हो सका। वर्तमान में यह बोर सफेद हाथी समान प्रतीत होता है। इस बोर से भी लोगो को पानी नही मिल पा रहा है, वही दूसरी ओर नगर के कुछ बालों में सुबह-सुबह पानी की लंबी कटारे देखने को मिल सकती हैं।

# भाजपा प्रत्याशी भट्ट पर जनता ने फिर से जताया विश्वास : भुवन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट ने बताया कि नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट पर जनता ने फिर से विश्वास किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत किए। उन्होंने बताया कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए ने एक बार फिर



भारी बहुमत से जीत दर्ज की है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। भुवन भट्ट ने बताया कि नरेंद्र मोदी को देश की जनता के माध्यम से तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है। अजय भट्ट की जीत पर बोलते हुए भुवन भट्ट ने बताया कि नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट की जनता को उम्मीद है सांसद अजय भट्ट क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की धामी सरकार का ध्यान विकास, बेहतर शिक्षा, पर्यटन, सुरक्षा और समाज के सभी वर्गों के उत्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया है।

# ग्रीष्मकालीन धान की खेती होगी प्रतिबन्धित

रूद्रपुर( उद संवाददता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में अधिकांश कृषकों द्वारा कृषि से अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु ग्रीष्मकालीन धान की खेती पद्धति अपनायी जा रही है, जोकि पर्यावरण के दृष्टिकोण एवं भूमिगत जल संरक्षण की दृष्टि से भी हानिकारक है। जिलाधिकारी ने गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फार्म एवं उत्तराखण्ड सैनिक पुर्नवास संस्थान, सैनिक फार्म पत्थरचट्टा पंतनगर को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने प्रक्षेत्रों में आगामी फसली वर्षो में 01 फरवरी से 15 जून की अवधी में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को हतोत्साहित/ प्रतिबन्धित किये



जाये एवं इस अवधी में अन्य फसलों की खेती का विकल्प अपनायें। उन्होने कहा कि जनपद में आगामी फसली वर्ष में 01 फरवरी से 15 जून की अवधी में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को प्रतिबन्धित करने की प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

# शिविर में बच्चों ने जाना शहीद सिख गुरूओं का इतिहास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित गुरमति ज्ञान समर कैम्प बच्चों को सिख गुरूओं के इतिहास की जानकारी दी गई। कैम्प में भाई गुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, रेशम सिंह, रंजीत सिंह, करनदीप सिंह, रविन्दर सिंह, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा,ओमकार सिंह, करन प्रीत सिंह द्वारा पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान देने के साथ ही सिख धर्म के गुरू साहिबान के इतिहास का ज्ञान कराया । उन्होंने बताया कि किस प्रकार सिख धर्म के शहीद गुरू साहिबानों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की कुर्बानियां दीं। उन्होंने बताया कि गुरू रामदास जी एवं माता भानी के



छोटे पुत्र श्री गुरू अर्जुन देव जी महाराज सिख धर्म के पहले शहीद गुरू थे। जिन पर मुगल बादशाह जहांगीर के आदेश पर चंदू दीवान ने तीन दिन तक अत्याचार किये। उन्होंने अपनी शहादत 30 मई 1606 में दी। गुरू अर्जुन देव जी महाराज ने 1588 ईस्वी में गुरू रामजी दास द्वारा निर्मित अमृतसर तालाब के मध्य में हरमंदिर साहिब गुरूद्वारे की नींव रखवाई थी। उन्होंने बताया गुरू तेग बहादुर सिंह गुरू हरगोबिंद सिंह जी के पांचवें पुत्र थे। इतिहासकारों के अनुसार 4 नवम्बर 1675 को उन्हें दिल्ली लाया गया। जहां मुगल बादशाह औरंगजेब ने उनको इस्लाम या मौत दोनों में से एक चुनने के लिए कहा। 11 नवम्बर 1675 को वह शहीद हो गये। दोनों ही गुरूओं के शहीदी दिवस के साथ सभी गुरूओं का निर्वाण दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त कैम्प में बच्चों को दस्तार सजानी भी सिखाई जा रही है। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, रशपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, जसवीर सिंह मंड, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, गुरवीर सिंह आदि मौजूद थे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि


समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# पूर्व विधायक ठुकराल व संजय जुनेजा ने किया परगाई होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकुमार तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने आज भगत सिंह चौक स्थितबत्रा स्पोर्ट के पास डॉक्टर डोगरा वाली गली में परगाई होम्योपैथिक क्लीनिक का धार्मिक अनुष्ठानों के साथ रीबन काटकर शुभारंभ किया।क्लीनिक के शुभारंभ पर पहुंचे सभी लोगों ने क्लीनिक की एमडी डॉक्टर रश्मि परगाई को बधाई देते हुए प्रतिष्ठान के उज्जवल भविष्य की कामना की। क्षेत्र में नये होम्योपैथिक क्लीनिक खुलने से रोगियों को उपचार के लिए उचित मूल्य पर दवाईयों उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर मोहन सिंह परगाई, कमला परगाई, सौरभ परगाई, डा. नितिका परगाई, गुरलीन कोर, संजय ठुकराल, राजेश बंसल, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा ,संजीव शर्मा, हिमांशु शुक्ला, राजेश गर्ग , डॉ संदीप डोगरा, ललित बिष्ट, राजीव कक्कड़, राध `ठुकराल, विपिन राजपूत, विशाल मेहरा, विशाल हुडिया, अमरजीत खरबंदा, मिक्की अरोड़ा, सूरज छाबड़ा, विकास मुंजाल, सूरज झांम आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाई शनि देव जयंती

रूद्रपुर। शनि देव जी की जयंती के उपलक्ष में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आदर्श कॉलोनी शनि देव व मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं रम्पुरा शिव मंदिर 84 घंटा में पहुंच कर माथा टेका एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार पीपल के पेड़ की पूजा करने से शनि देव और पितृ प्रसन्न होते हैं। शनि जयंती के दिन पीपल के पेड़ पर सरसों के तेल में लोहे की कील डालकर चढ़ाएं। पीपल के पेड़ के चारों तरफ



कच्चा सूत 7 बार लपेटे। ऐसा करने से शनि दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। शनि जयंती के दिन साथ ही इस दिन एकाक्षरी मंत्र शं शनैश्चराय नमः का सुबह शाम 108 बार जप करें। ऐसा करने से आरोग्य की प्राप्ति होगी। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, संजय ठुकराल, राजकुमार सीकरी, गगन ग्रोवर, ललित बिष्ट, सुरेश मित्तल, पंडित जी नरेश शर्मा, लालमन कोली , रामसेवक कोली ,बालक राम कोली, बंटी कोली ,विशाल मेहरा आदि लोगों उपस्थित थे।

# अनुष्का को किया सम्मानित

गदरपुर( उद संवाददाता)। इंटर सीबीएसई में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा अनुष्का को आज एक कार्यक्रम में पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। अनुष्का ने हाइस्कूल में भी 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया था। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ0 अंजनी कुमार के बेटी अनुष्का ने



इंटर सीबीएसई में 99.2 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है जिससे उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है । अनुष्का ने बताया कि वह सिविल सेवा की तैयारी कर देश की सेवा करना चाहती हूँ। देवभूमि वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश महामंत्री प्रदीप फुटेला व युवा नेता राकेश गुम्बर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ0 राजीव चौहान, महिला चिकित्सक डॉ0अंजू गिरी, समेत अनेक लोगों ने उनके आवास पहुंच कर अनुष्का को पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

# पर्स चुराकर एटीएम कार्ड से नगदी निकालने वाला दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में राहगीर की जेब से पर्स चोरी कर उसमें रखे एटीएम कार्ड से एक लाख की नगदी निकालने वाले शातिर चोर को पुलिस ने नगदी व आवश्यक कागजात सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गत 3 जून को चन्दन सिंह बिष्ट पुत्र गणेश सिंह बिष्ट निवासी सिमायल गंगोलीहाट थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ हाल निवासी एकता बिहार भगवानपुर रोड मुखानी ने थाने में तहरीर दी कि 28 मई को हल्द्वानी से अपने किराये के घर एकता बिहार भगवानपुर रोड आते समय अज्ञात चोर द्वारा उसका पर्स जिसमें 600 रुपए नगद, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड थे चोरी कर लेने के बाद एटीएम कार्ड से एक लाख रुपए निकाल लिए गये हैं। तहरीर के आधार पर थाना मुखानी में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई। थानाध्यक्ष पंकज जोशी के नेतृत्व में विवेचक उनि मनोज सिंह अधिकारी व कर्मगणों द्वारा लगभग 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। जिसके उपरान्त एक संदिग्ध व्यक्ति प्रकाश में आया। जिसे गश्त के दौरान पुलिस ने प्राइमरी स्कूल भगवानपुर के पास स्थित कमरे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जहाँगीर पुत्र नसीर अहमद निवासी बिहारमल थाना इज्जतनगर बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड व एक लाख रुपये नगद बरामद किये गये। पुलिस टीम में उनि मनोज सिंह अधिकारी, का. धीरज सिंह सुगड़ा व बलवन्त सिंह शामिल थे।



# कार की टक्कर से चार लोग घायल, चालक फरार

किच्छा (उद संवाददाता)। दरऊ रोड सैजना मोड पर एक कार की टक्कर से दो बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक दो बाइकों को टक्कर मारे जाने की सूचना पर हेड कांस्टेबल महेश कोहली व कांस्टेबल कुलदीप मौके पर पहुंचे। घटना में बाइक सवार सचिन पाल पुत्र रमेश पाल , गीता देवी पत्नी रमेश पाल, रेखा देवी पत्नी सचिन पाल, मनीष पाल पुत्र सचिन पाल तथा शैलेंद्र पाल पुत्र रमेश पाल निवासी गण भूत बंगला सामान्य रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने सभी को उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। घटना के बाद फरार हुए कार चालक को पुलिस तलाश कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की हुई मौत

कपकोट। कपकोट तहसील के गांसी गांव में एक नवविवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वही विवाहिता की मौत के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के आधार पर गांसी गांव निवासी तनुजा देवी पत्नी नरेंद्र सिंह उम्र लगभग 19 वर्ष की कमरे में ही अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई।परिजनों द्वारा मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है । बताया जा रहा है कि मृतका का अपने पति के साथ कुछ माह पूर्व ही प्रेम विवाह हुआ था, पति रोजगार के लिए कही बाहर काम करता था, जो इन दिनों अपने घर लौटा था, बताया जा रहा है कि गत रात्रि में खाना खाने के बाद तनुजा घर के बाहर आई तो वहीं पे अचानक चक्कर आने से गिर गई थी। जहाँ उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।फिलहाल विवाहिता की मौत के बाद परिजनों में शोक की लहर है।

# स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गदरपुर पुलिस टीम ने तेजाफौजा गूलरभोज रोड से मक्खन सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी वार्ड नं0 05 तेजा फौजा को 6.22 ग्राम स्मैक के साथ कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना गदरपुर मे अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ,उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल ललिता प्रसाद , रिक्रूट आरक्षी सूरज अधिकारी,अमन दुग्ताल, महिला कांस्टेबल पार्वती गोस्वामी आदि शामिल थे।



# पर्यावरण दिवस पर चलाया जनजागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में अन्तराष्ट्रीय पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है ,जिसका शुभारम्भ संस्थान के प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा,प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह




बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार एवं ललित भट्ट ,वरिष्ठ अधिकारी चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्राशसनिक अधिकारी अनुभव बाठला द्वारा किया गया। संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, सह-अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा ने सभी को स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया तत्पश्चात जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस स्वच्छ धरती, हरी भरी धरती विषय पर एन.एस.एस. के दोनों इकाईयों के स्वयं सेवकों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक पौधारोपण करने एवं वातावरण को स्वच्छ, साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक किया गया द्ययह रैली ग्राम कोपा, गुलरभोज में आयोजित किया गया, रैली के अन्त में गुलरभोज नगर पंचायत की चेयर पर्सन श्रीमती अनीता दुबे द्वारा अन्तराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण भी किया गया द्य इस रैली में एन.एस.एस. वरिष्ठ अधिकारी चन्दन सिंह राणा, कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार एवं ललित भट्ट , शिवम शर्मा, हिमानी रावत, बबिता यादव आदि शामिल थे।

# प्राकृतिक विपदाएँ प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में वृक्षारोपण करके भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है। ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है। समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा। हम सभी भगवान शिव के अभिषेक, पूजन, वंदन व व्रत इत्यादि के साथ-साथ सघन वृक्षारोपण भी करें। उन्होंने कहा कि वृक्ष भगवान शिव का ही एक स्वरूप है। जैसे भगवान शिव ने सारी दुनिया को अमृत बाँटा व स्वयं हलाहल विष का पान किया । वृक्ष भी सभी को ऑक्सीजन का अमृत बांट रहे हैं व स्वयं कार्बन डाइऑक्साइड लेकर विष का पान कर



रहे हैं। वृक्ष और शिव एक समान, दें अमृत करते विषपान। उन्होंने कहा कि प्रकृति माँ को श्रृंगार विहीन होने से बचाएँ। पृथ्वी माँ के श्रृंगार हैं वृक्ष। प्रकृति हमारी जन्मदात्री माँ से भी अधिक हमारी रक्षा करती है, परंतु प्रकृति के नियमानुसार यदि नहीं रह कर अपितु उससे खिलवाड़ करें तो यह रक्षक होने के बजाय हमारी भक्षक भी बन सकती है। आए दिन जहाँ तहाँ बाढ़, भूकंप, सूखा, प्राकृतिक अन्यान्य विपदाएँ हमारी प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य ,वन संपदा आदि हमारी प्रकृति माँ के श्रृंगार है। पृथ्वी माँ को श्रृंगार विहीन होने से बचाने के लिए प्रकृति के संरक्षण पर ध्यान देना आवश्यक है। समय रहते यदि हमने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो बाद में पश्चाताप के अलावा हमारे हाथ कुछ भी शेष नहीं रहेगा। महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों से सभी मंत्रमुग्ध व भावविभोर हो गए। सभी ने वृक्षारोपण व वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया ।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने काशीपुर सब्जी एवं फल मण्डी में किया निरीक्षण

## फलों को पकाने में कार्बाइड का प्रयोग प्रतिबंधित

रूद्रपुर(उद संवाददता)। सहायक निदेशक एफएसएसएआई एवं अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, देहरादून द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में काशीपुर सब्जी एवं फल मण्डी





का खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा औचक निरीक्षण अभिहित अधिकारी व टीम द्वारा किया गया। काशीपुर मंडी एवं सब्जी मार्केट से आम, केले, तरबूज, पपीता, के नमूने जांच हेतु देवांश लैब रूडकी को भेजे गये। टीम द्वारा फलों के विक्रेता एवं आढ़तियों को फलों को केवल इथेफॉन/इथाईलीन गैस 100 पीपीएम (सांद्रण) का ही प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। एवं एसिटिलीन गैस एवं कार्बाइड गैस का प्रयोग फलों को पकाने हेतु प्रयोग नहीं करने के सख्त निर्देश दिये गये। इस निरीक्षण में कुल 07 आढ़तियों व 15 फल विक्रेताओं की जांच की गई। अभिहित अधिकारी ने बताया कि इससे पूर्व 30 व 31 मई को भी रूद्रपुर सब्जी मंडी एवं सब्जी विक्रेताओं का भी निरीक्षण किया गया था जिस दौरान आम का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि विश्लेषणशाला को भेजा गया था। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि यदि फलों को पकाने में कार्बाइड का प्रयोग करते हुए कोई खाद्य कारोबारकर्ता पाया जाता है तो टोल फ्री नं. 1800 180 4246 पर शिकायत करें। निरीक्षण टीम में अभिहित अधिकारी डॉ प्रकाश चंद फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह आदि शामिल रहे।

# दुर्गा मंदिर समिति रम्पुरा का किया गठन

## चन्द्रवती अध्यक्ष व नीतू महामंत्री बनीं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 24 रम्पुरा में सामुदायिक भवन दुर्गा मंदिर समिति का सर्व समाज द्वारा सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें संरक्षक पद पर राममूर्ति देवी प्रथम,राममूर्ति देवी द्वितीय, हरप्यारी देवी, ओमवती, मेवा देवी को चुना गया। तत्पश्चात अध्यक्ष पद के लिए चंद्रवती कोली और प्रबंधक पद के लिए लक्ष्मी कोली को चुना गया। अध्यक्ष और प्रबंधक ने समिति के सफल संचालन के लिए निष्ठावान सामाजिक महिलाओं को समिति में सम्मिलित कर उन्हें अहम जिम्मे दारियां दी। जिसमे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पार्वती देवी,नन्ही देवी, उपाध्यक्ष बीना रस्तोगी, महामंत्री नीतू कोली, संयुक्त महामंत्री भूरी देवी, कुसुम देवी, उप प्रबंधक उर्मिला देवी, कोषाध्यक्ष मायादेवी कोली, उपकोषाध्यक्ष सरोज रानी, जमुना देवी, ऑडिटर कमला देवी, उप ऑडिटर आशारानी रस्तोगी, रानी कोली नियुक्त कर सदस्य पद भी नामित किए गए। जिनमें भगव देई, राज कुमारी, गगों देई, कलावती देवी, कमला देवी, कमलेश पाल , जमनिया देवी, नेमा देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, आशा रानी रस्तोगी, रानी देवी, कुसुम देवी, महोनिया देवी, गीतादेवी, सोमवती देवी, मिथलेश



पाल, रुची रस्तोगी, नत्थो देवी, सावित्री देवी, लीला देवी, गीता देवी, कमलेश, नन्ही देवी, कांति देवी, सोम देवी, सुन्दरी देवी , सूरज मुखी, कुसुम देवी, ममता देवी, चमेली देवी, सन्तोष देवी आदि को शामिल किया गया। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा चंद्रवती कोली ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए महिलाओं की अहम जिम्मेदारी होती है और उन्हें जी जिम्मेदारी मिली है उसी पूरी निष्ठा भाव से निभाएंगी। प्रबंधक लक्ष्मी कोली ने कहा कि दुर्गा मंदिर सामुदायिक भवन के रख रखाव व सौंदरीयकरण के लिए समिति पूरी जिम्मेदारी से काम करेगी। कोषाध्यक्ष मायदेवी कोली ने कहा कि समिति का आय व्यय का ब्योरा पूरी पारदर्शिता के किया जाएगा और बेटियों की शिक्षा और महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने के लिए समिति केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करेगी।

# बनभूलपुरा क्षेत्र में हो रहे 19. 34 करोड़ की लागत के कई विकास कार्य : नवाब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दर्जा राज्य मंत्री मजहर नईम नवाब ने बताया कि विधानसभा हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में उत्तराखंड सरकार द्वारा 19 करोड़ 34 लाख की लागत से सीवर लाईन के विकास के कार्य, जिसका पूर्व में काठगोदाम में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शिलान्यास किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 2022 में सरकार के समक्ष संबंधित सीवर लाइनों के लिए पत्र लिखकर धन आवंटित करने को लेकर लगातार पत्राचार किया गया था। जिसमें 2023 में स्टीमेट बनाए गए और 2024 में बजट पास हुआ। सीवर लाइनों का कार्य शुरू किया गया। क्षेत्र में पड़ने वाली सीवर लाइनों से बनभूलपुरा क्षेत्र के 9 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। छोटी छोटी गलियों को संपर्क मार्गों से सीवर लाइनों से जोड़ा जा रहा है। बनभूलपुरा की कोई भी गली सीवर लाईन से वंचित नहीं रहेगी। नवाब ने यह भी बताया कि लाईन नंबर 1 से लाईन नंबर 17 तक प्रत्येक गली में सीवर लाईन का कार्य और शनि बाजार से उत्तर उजाला क्षेत्र, नई बस्ती क्षेत्र शुरू हो गया है। उन्होंने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं मौके पर निर्माण के कार्यों की गुणवत्ता को देखा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता ठीक रखी जाए। जिसमें संबंधित अधिकारी पेयजल निगम के एई वाईएस यशपाल और नागेंद्र चंद्र आर्या, जेई भूवन भट्ट आदि कर्मचारी मौजूद थे। नवाब ने बताया कि सीवर लाईन का कार्य, पूर्व में बड़ी लाइनों का निर्माण अमृत योजना के तहत पूरी हल्द्वानी विधानसभा में लगभग 15 करोड़ रूपए से 2021 में हो चुका है जो भाजपा सरकार द्वारा किया गया है। इतनी बड़ी धनराशि आजादी के बाद पहली बार मुस्लिम अल्पसंख्यक क्षेत्र में पहले कभी नहीं मिली। आज भाजपा सरकार द्वारा शहर के विकास में बनभूलपुरा में भी अधिक पैसा दिया गया है। उन्होंने बताया कि गौजाजली क्षेत्र में सीवर के कार्य के लिए लगभग 30 करोड़ रूपए से ज्यादा का कार्य शुरू होने वाला है। उसका भी जल्द निरीक्षण किया जायेगा। अभी तिकोनिया से लेकर हल्द्वानी रोडवेज, बस अड्डे, केमु स्टेशन से लेकर रेलवे बाजार, चोरगलिया रोड होते हुए रेलवे क्रॉसिंग, नया बाजार, मीरा मार्ग, पटेल चौक, सदर बाजार, कारखाना बाजार, साहूकारा लाईन की सड़क का निर्माण किया गया और कार्य प्रगति पर है। जो लगभग 9 करोड़ की लागत से किया गया है। जल्द बनभूलपुरा की सड़कें भी 2 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बनाई जाएंगी। जिसमें लाईन नंबर 1, लाईन नंबर 8, लाईन नंबर 16, लाईन नंबर 17 और किदवई नगर क्षेत्र शामिल हैं। नवाब ने बताया कि क्षेत्र की जनता से किए गए वादे पूरे किए हैं। जवाहर नगर शमशान घाट के पास में लगभग 1 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाले ट्यूबवेल का निर्माण चल रहा है। जिससे लगभग 5 हजार परिवारों को पेयजल का लाभ मिलेगा। नवाब ने बताया कि क्षेत्र में हुए करोड़ों रुपए के कार्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जा रहे हैं। युवा मुख्यमंत्री विकास के कार्य को तेजी से करा रहे हैं।निरीक्षण में इसरार हुसैन, महबूब अली, फारूख अंसारी, नाजिम सैफी, चांद वारसी, अफजाल कुरैशी, मोनिस अल्वी आदि मौजूद थे।



# एलायंस कालोनी में मधुमेह रोग निवारण शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय योग संस्थान के तत्वाधान में एलाइंस कॉलोनी के दिव्य शक्ति मंदिर पार्क में तीन दिवसीय मधुमेह रोग निवारण शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। शिविर प्रतिदिन प्रात: 5 बजे से 7 बजे तक चलेगा शिविर का उद्घाटन भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय मंत्री मोहनलाल विरमानी, हरिद्वार की जिला संगठन मंत्री श्रीमती प्रवीण अरोड़ा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार चौधरी, रुद्रपुर के जिला प्रधान रमेश चंद्र गंगवाल ने दीप जलाकर किया। योग में प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने की विधाए बताई।श्रीमती प्रवीण अरोड़ा एवं श्री मोहनलाल ने सूक्ष्म क्रियाएं, श्रीमती कमला सिंह ने सूर्य नमस्कार और शुक्ला जी ने हास्य योग करवाया पेट के और पीठ के बल के आसन प्रांतीय मंत्री मोहनलाल विरमानी ने करवाए। सभी से अपील की गई कि निशुल्क योग साधना शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोग लें।शिविर में एलाइंस वेलफेयर सोसाइटी समिति के अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल, उपाध्यक्ष हरनाम चौधरी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला मंत्री महावीर चौधरी ने डेमोंसट्रेशन दिया एवं जिला संगठन मंत्री एनल गंगवार ने लोगों की साधना में सुधार करने का प्रयास किया।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सरकार और सहयोगी दल

गठबंधन सरकारों में सहयोगी दलों की मंत्री पद और विभागों की मांग को लेकर खींचतान नई बात नहीं है। हर दल का मुखिया अपने नेताओं की सामूहिक आकांक्षाओं को साथ लेकर चलता है। गठबंधन का पहला धर्म होता है, नीतियों और योजनाओं पर फैसले के समय निजी या दलगत स्वार्थों से ऊपर उठ कर सहमति बनाने का। गठबंधन का एक भी दल इस धर्म का निर्वाह नहीं कर पाता, तो वह सरकार चल नहीं पाती। देश में गठबंधन सरकारें बनी और चली हैं, पर वे तब-तब गिर गई हैं, जब गठबंधन धर्म के निर्वाह में दलगत स्वार्थ या वैचारिक मतभेद आड़े आए हैं। इस बार फिर गठबंधन सरकार बनने जा रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने नरेंद्र मोदी की अगुआई में सरकार बनाने पर सहमति जता दी है। मंत्रालयों के बंटवारे आदि को लेकर मंथन चल रहा है। हर बड़े दल से बड़प्पन की अपेक्षा रहती है और वह थोड़ा झुक कर अपने सहयोगियों का मान ऊपर रख भी लेता है। मगर सरकार गठन से पहले ही जिस तरह जद (यू) और तेलगु देशम की तरफ से नीतियों को लेकर शर्तें रखी जाने लगी हैं, उससे गठबंधन के भविष्य पर आशंका गहराने लगी है। जद (यू) ने कहा है कि अग्निवीर योजना पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। यही मांग विपक्षी दल शुरू से उठाते आ रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान इंडिया गठबंधन ने तो सार्वजनिक रूप से एलान किया था कि अगर उसकी सरकार बनी तो अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। वही बात अगर सहयोगी करने लगेंगे, तो सरकार के लिए मुश्किल होगी। भाजपा समान नागरिक संहिता लागू करना चाहती है। इस दिशा में वह आगे भी बढ़ चुकी है। मगर उसके दोनों प्रमुख सहयोगी दलों ने इस पर भी पुनर्विचार की बात कही है। सभी राज्य सरकारों से सहमति की मांग कर रहे हैं। हालांकि ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सरकार अगर लचीला रुख अपनाए, तो सहमति बन सकती है। राजनीति में हर कदम के दूरगामी परिणाम होते हैं। कौन-सा दल किस मुद्दे पर अपनी बात मनवा लेता है, उससे उसके राजनीतिक भविष्य पर असर पड़ता है। भाजपा को इस वक्त सहयोगी दलों के साथ मिल कर सरकार चलाने की मजबूरी है, पर वह अपने सिद्धांतों और नीतियों से डिगेगी, तो नुकसान का खतरा बना रहेगा। ऐसी स्थितियों में सरकार की अगुआई कर रहे दल के सामने चुनौती होती है कि वह कैसे अपने सहयोगियों को नीतियों पर एकमत करे और किस हद तक उनकी शर्तों को माने। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की राजनीतिक छवि टिकाऊ और भरोसेमंद सहयोगी की नहीं रही है। इससे पहले भी वे कई बार राजग के साथ रहे, बीच में छोड़ कर चले गए, फिर आ गए हैं। बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने जैसी उनकी कुछ पुरानी मांगें हैं। इसके अलावा अल्पसंख्यकों के आरक्षण के मुद्दे पर भी उनके विचार अलग हैं। अब जब वे मोलभाव करने की स्थिति में हैं, ये मुद्दे उठा सकते हैं। मगर इससे सरकार की मुश्किलें बढ़ेंगी ही। गठबंधन की सरकारें शर्तों की रस्साकशी से नहीं, सहयोग और सहमति के संकल्प से चलती हैं। अगर इसकी कमी इस गठबंधन में रहेगी, तो अनिश्चितताओं के बादल शायद ही कभी छंटेंगे।

## नशे के इंजेक्शनों सहित तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी एवं थाना पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को नशे के इंजेक्शनो सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार लगातार क्षेत्राधिकारी रामनगर



के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार सैनी के नेतृत्व थाना क्षेत्रान्तर्गत अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीम द्वारा एसओजी पुलिस के साथ चौकिंग के दौरान नयागाँव पावर हाउस के पास चिल्किया शंकरपुर भूल गाँव की जाने वाले तिराहे पर एक मोटर साइकिल संख्या यूके 19 बी 3549 पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से कुल 60 नशे के इन्जेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इंजेक्शन व बाईक को अपने कब्जे में ले लिया।

# अन्न या अन्याय! राशन की दुकानों में लटक रहे ताले

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर गेंहू, चावल की गुणवत्ता पर ही बड़ा सवाल

-हनीफ बाबा-

सितारगंज(उद संवाददाता)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना में सरकारी राशन की दुकानों पर अधिकांशत ताले लटके रहते हैं। जिस वजह से गरीबों को सरकारी राशन नहीं मिल पाता है। वृद्ध महिला, पुरुष सबसे अधिक इस कारण परेशान होते है। कुछ राशन कि दुकान जो माह में कुछ ही दिन खुलती भी है तो वहां गेंहू, चावल गुणवत्ता हीन उपलब्ध कराया जा रहा है। कहीं सड़ा तो कहीं चूरी जैसा और मिट्टी वाला अनाज गरीबों को दिया जा रहा है। हालात तो यह है कि गांव के लिए आवंटित राशन की दुकान से शहरी उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराया जाता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत गरीबों को वितरण किए जाने वाले अनाज के संबंध में राशन उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए है। उपभोक्ता शाहबाज, अनिल, इदरीश, दिनेश, दीपक ने आरोप लगाया कि सरकारी राशन की दुकान महीने में कुछ ही दिन खोली जाती हैं। अधिकांश दिन राशन की दुकानों में ताले लटके होते हैं। अगर दुकान से जो अनाज उपभोक्ताओं को



उपलब्ध कराया जाता है उसे अनाज को खाने के लिए उपभोक्ता धोकर पिसवाते हैं। राशन की दुकानों से घुना गेहूं मिलता है। जिससे गरीब पेट भर रहे है। उस गेहूं को अगर उपभोक्ता हाथ में लेते हैं तो पूरा गेंहू सफेद आटा बन जाता है। सरकारी अनाज की गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदार अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं। जिम्मेदारों ने सरकारी राशन की दुकान निर्धारित समय पर नहीं खोलने वाले कोटाधारकों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने आरोप लगाया कि नगरीय क्षेत्र की सरकारी राशन की दुकानों में गुणवत्ता युक्त अनाज गरीबों को पेट भरने के लिए दिया जा रहा है। सस्ता गल्ला विक्रेता समय पर राशन की दुकानों को नहीं खोलते हैं अधिकांश समय दुकानों में सिर्फ ताले ही लटके रहते हैं। उन्होंने कई बार नियमित सस्ता गल्ला की दुकान खोलने के लिए अधिकारियों से शिकायत भी की है। सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर ओम नारायण मिश्र ने बताया



कि गेहूं बाहरी राज्यों से आ रहा है। सरकारी अनाज मानक के अनुसार गुणवत्ता युक्त है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कारवाई की जाएगी। पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धामी ने बताया कि सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों को नियमित खोलने के लिए विभाग सख्त अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने फोर्टीफाइड चावल को विशेष गुणवत्ता वाला चावल करार दिया।

## फोर्टीफाइड चावल में विशेष गुण

सितारगंज(उद संवाददाता)। सरकारी राशन की दुकानों में इन दिनों फोर्टीफाइड विशेष गुणवत्ता वाला चावल उपभोक्ताओं को वितरित किया जा रहा है। जो पोषक तत्वों से भरपूर है। चावल में पोषक तत्व मिलने के बाद उसका वजन कम हो जाता है जिस वजह से चावल की गुणवत्ता को लेकर राशन उपभोक्ताओं में संशय बना हुआ है। देश से कुपोषण को मिटाने के लिए विशेष गुणवत्ता युक्त फोर्टीफाइड चावल को वितरित किया जा रहा है। लेकिन राशन विक्रेताओं की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को यह अनाज समय पर नही मिल पाता है।

## गांव की आवंटित दुकान से शहर के उपभोक्ता लेते है अनाज

सितारगंज। नगर पालिका का विस्तार हुए काफी समय बीत चुका है। पंडरी गांव का कुछ क्षेत्रफल शहरी क्षेत्र में मर्ज किया गया है। लेकिन सस्ता गल्ला की दुकान का आवंटन शहर में नही हो सका। निवर्तमान सभासद सचिन गंगवार ने बताया कि पंडरी गांव में जब वार्ड के लोग राशन लेने पहुंचते हैं तो अधिकांश समय दुकान बंद होती है। गांव की दुकान दूर होने के कारण बुजुर्ग, महिला राशन उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतें होती हैं। उन्होंने मांग की शहर में राशन की दुकानों का आवंटन किया जाए।

# पैतृक गांव में हार पर विधायक पद से बेहड़ दें इस्तीफा : शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा पैतृक गांव मलसा में हार की नैतिक जिम्मेवारी लेने के वक्तव्य पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा है कि वह नैतिक जिम्मेदारी लेने के साथ-साथ अपने पद से इस्तीफा दें। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उक्त बात यहां अपने आवास विकास कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहीं है उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ अपने पैतृक गांव में हारे हैं इसके अलावा रूद्रपुर आवास विकास में भी बूथ से कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई है उन्होंने कहा कि जो लोग अपना भविष्य तलाशने के लिए भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में चले गए थे अब उनका मोह भंग हो रहा है और उन्हें अपना भविष्य



भाजपा में तलाशने के लिए वापिस कर रहे हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक विकास पुरुष नहीं बल्कि विवाद पुरुष बन गए है। उन्होंने कहा कि ढाई साल के कार्यकाल में वर्तमान के विधायक द्वारा विकास के मुद्दे पर कोई भी बहस नहीं की गई जबकि उनके कार्यकाल में किच्छा नगर को एम्स आदर्श राजकीय महाविद्यालय के अलावा हाईटेक बस अड्डा दिया गया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ के करीबियों का उनसे मोह भंग हो रहा है और वह पुनः भाजपा में वापसी कर रहे हैं जो लोग कांग्रेस में अपना भविष्य तलाश के लिए गए थे वह भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में वापसी कर रहे हैं उन्होंने कहा कि राजनीति में अपना भविष्य तलाशने वाले यह जा चुके हैं कि वर्तमान विधायक अब पुत्र मोह में जा चुके हैं तथा अपने पुत्र को ही क्षेत्र की राजनीति में आगे बढ़ाएंगे उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक द्वारा कांग्रेस में संगठन परिवर्तन करने की मांग करके यह साबित कर दिया है कि उत्तराखंड में कांग्रेस समाप्त हो चुकी है उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी है इस लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुमत नहीं मिलने के बावजूद भी सहयोगी दलों के साथ सरकार बनाने का तीसरी बार प्रयास किया है यह उनके विजन की कड़ी का एक हिस्सा है उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर यह आरोप लगा रहे थे कि उन्हें सरकार चलाने का अनुभव नहीं है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको चुनौती लेते हुए स्वीकार किया और तीसरी बार सरकार का गठन कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में मनमोहन सक्सेना, संदीप अरोड़ा मौजूद थे।

## खाईबाड़ी करता सट्टेबाज किया गिरफ्तार

लालकुआ (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक सट्टेबाज को खाईबाड़ी करते हजारों की नगदी, सट्टा पर्ची व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार डीसी फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक लालकुआं के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस द्वारा सट्टे की खाई बाडी करने वालो के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चौकिंग के दौरान मेन बाजार लालकुआं से रिंकल खुराना पुत्र महेंद्र खुराना निवासी आजादनगर लालकुंआ को 4600 रुपए, सट्टा पर्ची व अन्य सामान सहित सट्टे की खाई बाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया।

# टिकट बंटवारा भी माना जा रहा कांग्रेस की करारी हार का बड़ा कारण

### प्रदेश अध्यक्ष ने बताई कांग्रेस की हार की वजह : पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले कम हुआ हार का अंतर

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में भाजपा ने पांचों सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत का परचम फहराकर इतिहास रच दिया। वहीं



उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को मिली करारी हार ने जहां एक बार फिर उत्तराखंड में कांग्रेस को सियासी जमीन वापस तलाशने को लेकर मंथन शुरू करने के लिए मजबूर कर दिया है। तो वहीं कांग्रेस के लिए राहत भरी खबर ये है कि 2019 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हार का अंतर काम हुआ है। हार को लेकर जब करन माहरा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किस कारण कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। 2024 में कांग्रेस पार्टी को हार मिलने का एक बड़ा कारण टिकट बटवारा भी माना जा रहा है। चुनाव के नजदीक आते ही कांग्रेस के बड़े नेताओं ने खुद को किनारा कर लिया यहां तक की चुनाव ना लड़ने को लेकर अपनी बात रखने नेता दिल्ली तक पहुंचे। जब परिणाम के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा से टिकट बंटवारे से जुड़ा सवाल पूछा गया तो करन माहरा ने कहा कि वो इस बात को मानते हैं कि प्रदेश में और बेहतर प्रत्याशी के रूप में बड़े चेहरों को टिकट दिया जा सकता था। उन्होंने कहा कि अगर अल्मोड़ा से यशपाल आर्य, टिहरी से प्रीतम सिंह और हरिद्वार से हरीश रावत, हरक सिंह रावत को टिकट दिया जाता तो इन तीनों सीटों पर कांग्रेस को जीत हासिल होती। इतना ही नहीं गढ़वाल लोकसभा सीट पर भी इन चेहरों के उतारने से कांग्रेस प्रत्याशी को फायदा मिलता। उन्होंने कहा की वो हाईकमान को राजी नहीं कर पाए उसकी जिम्मेदारी उनकी है। अल्मोड़ा लोकसभा सीट की पर बीजेपी प्रत्याशी अजय टम्टा को 444651 वोट (63.03%) हासिल हुए थे। जबकि कांग्रेस के प्रदीप टम्टा को 211665 वोट (30.48%) मिले थे। जीत का अंतर 232986 वोटों का था। गढ़वाल लोकसभा सीट की बात करें तो बीजेपी प्रत्याशी तीरथ सिंह रावत को 506980 वोट (68.25%) मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी मनीष खंडूरी को 204311 वोट (27.51%) मिले थे। जीत का अंतर 302669 का था। बात करें हरिद्वार लोकसभा सीट की तो भाजपा उम्मीदवार रमेश पोखरियाल निशंक को 665674 वोट (52.37%) मिले थे। कांग्रेस उम्मीवार अंब्रिश कुमार को 406945 वोट (32.02%) मिले थे। जीत का अंतर 258729 था। वहीं नैनीताल लोकसभा सीट की बात करें तो बीजेपी के अजय भट्ट को 772195 वोट (61.35%) मिले थे।जबकि कांग्रेस प्रत्याशी हरीश रावत को 433099 वोट (34.41%) मिले थे। जीत का अंतर 339096 वोटों का था। टिहरी लोकसभा सीट पर बीजेपी की माला राज्य लक्ष्मी शाह को 565333 वोट (64.53%) मिले थे। जबकि कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 264747 वोट (30.22%) थे। जीत का अंतर 300586 वोटों का था। नैनीताल सीट पर अजय भट्ट (भाजपा) को 61% यानी 7,72,671 वोट मिले हैं। प्रकाश जोशी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 34.6% यानी 4,38,123 वोट मिले हैं। जीत का अंतर 334548 वोटों का है। हरिद्वार सीट पर त्रिवेंद्र रावत (भाजपा) को 50.2% यानी 6,53,808 मिले हैं। वीरेंद्र रावत (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 37.6% यानी 4,89,752 वोट मिले हैं। जीत का अंतर 164056 वोटों का है।अल्मोड़ा सीट की बात करें तो अजय टम्टा (भाजपा) को 64.2% यानी 4,29,167 वोट मिले। प्रदीप टम्टा (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 29.2% यानी 1,95,070 वोट मिले। जीत का अंतर 234097 वोटों का है। गढ़वाल लोकसभा सीट पर अनिल बलूनी (भाजपा) को 58.6% यानी 4,32,159 वोट मिले। गणेश गोदियाल (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 36.4% यानी 2,68,656 वोट मिले। जीत का अंतर 163503 वोटों का है।इसके साथ ही बात अगर टिहरी लोकसभा की करें तो माला राज्य लक्ष्मी शाह (भाजपा) को 53.7% यानी 4,62,603 वोट मिले हैं। जबकि जोत सिंह गुनसोला (इंडियन नेशनल कांग्रेस) को 22.1% यानी 1,90,110 वोट मिले हैं और बॉबी पंवार (निर्दलीय) को 19.5% यानी 1,68,081 वोट मिले हैं। जीत का अतंर 272493 वोटों का है।

# सर्विस ट्रिब्युनल ने अवैध मानते हुये निरस्त किये एसएसपी व आईजी के 3-3 आदेश

## सब इंस्पैक्टर व कांस्टेबलों के विरूद्ध एसपी की जांच को भी माना आपत्तिजनक व विधि विरूद्ध विधायक से सिफारिश कराने का आरोप लगाकर किया गया था 3 पुलिस कर्मियों को दण्डित

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारी अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों का निर्णय करने वाले विशेष न्यायालय (ट्रिब्युनल) की नैनीताल पीठ ने एसएसपी उधमसिंह नगर तथा आई.जी. कुमाऊं नैनीताल के पुलिस सब इंस्पैक्टर सुरेन्द्र प्रताप सिंह बिष्ट तथा कांस्टेबिल दयाल गिरी व महिला कांस्टेबिल हेमा मनराल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही में दिये गये 3-3 दण्ड आदेशों को निरस्त कर दिया। ट्रिब्युनल वाइस चैयरमैन (ज्यूडिशियल) राजेन्द्र सिंह की बेंच ने इन पुलिस कर्मियों की याचिकाओं पर एसएसपी के आदेश को पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर की आपत्तिजनक व विधि विरूद्ध जांच पर आधारित मामते हुये तथा आई.जी. के अपील आदेशों को निरस्त किया है।वर्तमान में उधमसिंह नगर जिले में तैनात सब इंस्पैक्टर सुरेन्द्र प्रताप सिंह बिष्ट तथा कांस्टेबिल दयाल गिरी तथा नैनीताल जिले में तैनात महिला कांस्टेबिल हेमा मनराल की ओर से अधिवक्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण की नैनीताल बेंच में तीन याचिकायें 140,146 व 147 सन 2023 दायर की थी। इसमें कहा गया था कि वर्ष 2021 में जब यह पुलिस कर्मी उधमसिंह नगर जिले में तैनात थे तो डा0 प्रेम सिंह राणा, विधायक नानकमत्ता, उधमसिंह नगर के तथाकथित पत्र दिनांक 07-06-2021 की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें याचीगण सहित विभिन्न पुलिस कर्मियों की सूची दी गयी थी। इस पर एस.एस.पी. उधमसिंह नगर द्वारा जन प्रतिनिधियों से स्थानांतरण के सम्बन्ध में सिफारिश कराकर कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने वाले कर्मियों के विरूद्ध जांच कर आख्या उपलब्ध कराने को पुलिस अधीक्षक, नगर रूद्रपुर को आदेशित किया। उन्होंने अपनी जांच आख्या दिनांक 25-08-2021 में बिना स्वतंत्र साक्ष्यों तथा याचीगण के पक्षों को विचार मे लिये बिना किसी सम्बद्ध कारण को उल्लेखित किये, बिना किसी वैध आधार के याचीगण सहित मा0 विधायक के तथाकथित पक्ष में दी गयी सूची में शामिल सभी कर्मियों को दोषी होने का निष्कर्ष दे दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस जांच आख्या को आधार बनाते हुये अपने तीन आदेशों दिनांक 15-03-2022 से तीनों पुलिस कर्मियों की 2021 की चरित्र पंजिका में परिनिन्दा प्रविष्टि अंकित करने के दण्ड का आदेश दे दिया। पुलिस कर्मियों द्वारा इसकी अपील आई.जी. कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल को की गयी लेकिन उन्होंने भी अपील पर निष्पक्ष रूप से विचार किये बगैर अपने 05 मई 2023 तथा 24-07-2023 से तीन अपील आदेशों से अपीललों को निरस्त कर दिया। इस पर इन पुलिस कर्मियों द्वारा अपने अधिवक्ता नदीम उद्दीन के माध्यम से उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण की नैनीताल पीठ में दावा याचिकायें दायर की गयी। याचिकाओं में विभागीय दण्ड आदेशों व अपील आदेशों को निरस्त करने तथा उसके आधार पर रूके सेवा लाभों को दिलाने का निवेदन किया गया। याचिका कर्ताओं की ओर से नदीम उद्दीन ने विभागीय जांच, दण्ड आदेशों व अपील आदेश को निराधार तथा प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन के आधार पर निरस्त होने योग्य बताया। पुलिस विभाग की ओर से सहायक प्रस्तुतकर्ता अधिकारी ने आदेशों को सही तथा कानून के अनुसार होना बताया। अधिकरण के उपाध्यक्ष (न्यायिक) राजेन्द्र सिंह की पीठ ने श्री नदीम के तर्कों से सहमत होते हुये पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर की जांच को आपत्तिजनक तथा विधि विरूद्ध माना तथा इसके आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर द्वारा विवेक का इस्तेमाल किये बिना जांच अधिकारी की काल्पनिक जांच रिपोर्ट के आधार पर दण्डित करने को प्राकृतिक न्याय एवं विधि विरूद्ध मानते हुये निरस्त कर दिया तथा आई. जी कुमाऊं के अपील आदेशों को भी निरस्त होने योग्य मानते हुये निरस्त कर दिया। इसके साथ ही एस.एस.पी. तथा आई.जी को आदेश दिया गया कि वह याचीगण की चरित्र पंजिका व अन्य अभिलेखों में दर्ज परिनिन्दा प्रविष्टि को 30 दिन के अन्दर विलुप्त करें। उपाध्याय (न्यायिक) राजेन्द्र सिंह ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि जांच के दौरान बयानात में स्पष्ट स्वीकार किया गया है कि अपने स्थानांतरण के सम्बन्ध में कोई सिफारिश व वार्ता विधायक से नहीं की गयी है और न ही फोन कराया गया। विधायक ने भी जांच अधिकारी से फोन पर वार्ता करने पर पुलिस के स्थानांतरण के सम्बन्ध में कोई पुलिस कर्मचारी उनके पास आया नहीं बताया गया और न ही उनको फोन किया जाना कहा गया। ऐसी स्थिति में जांच अधिकारी द्वारा संभावना के आधार पर अप्रत्यक्ष रूप से विधायक नानकमत्ता द्वारा याचीगण द्वारा अपने स्थानांतरण के सम्बन्ध में काल्पनिक रूप से सम्पर्क करना पाते हुये दोषी ठहराया गया है जो पूरी तरह पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं विधि के विपरीत है।

# निर्माणाधीन आवासों को जल्द पूर्ण कराये : मनीष कुमार

रूद्रपुर(उद संवाददता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने मनरेगा, एनआरएलएम, लखपति दीदी, पीएम आवास (ग्रामीण), पीएम जनमन, आधार सीडिंग, सारा के अन्तर्गत जल संरक्षण आदि योजनान्तर्गत



चल रहे कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक सभी खण्ड विकास अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में की। सीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृत आवास, अनुपलब्ध तथा भूमिहीन व्यक्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देश दियें कि आवासहीन परिवारों को शीघ्रता से आवास उपलब्ध हो, इसलिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त विकास खण्डों में वसूली प्रक्रिया में शिथिलता लाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा निर्माणाधीन आवासों को जल्द पूर्ण कराये तथा विवादित प्रकरणों जो न्यायालयों में लंबित है के लिये राजस्व विभाग से समन्वय करते हुये नई भूमि का चयन करें। सीडीओ नें सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये।सीडीओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत प्रोजेक्ट उन्नति हेतु लाभार्थियों को उचित प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा एनआरएलएम के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को बैंकों के माध्यम से वित्त पोषण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने लखपति दीदी योजना को परवान चढ़ाने हेतु सर्वे कार्य में तेजी लाकर सर्वे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने सारा के अन्तर्गत जल संरक्षण के कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा करते हुये कहा कि रिचार्ज पीट, रिचार्ज साफ्ट, पौधारोपण आदि की कार्ययोजनाएं ग्राम पंचायत वार बनाये। उन्होने कहा कि 10 जून से 16 जून 2024 तक जनपद व विकास खण्ड स्तर पर जल संरक्षण उत्सव मनाया जाना है इस हेतु जल संरक्षण क्षेत्र में यदि कोई संस्था/एनजीओ कार्य कर रहे है तो उनको भी शामिल करें व इसी के साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन करें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय सिंह, निदेशक आरसेटी वरूण पंत, खण्ड विकास अधिकारी बी बी जोशी, के एस सामंत, कुन्दन सिंह, असित आनंद, कमल किशोर पांडे, धर्मेन्द्र सिंह सहित डीपीओ, बीएमएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 7 युवकों ने युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। गंगे बाबा रोड पर 7 युवकों ने एक युवक को घेरकर हॉकी, बैल्ट, बल्ले व धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 7 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गंगे बाबा रोड, मौ. किला, काशीपुर निवासी नाजिम रजा पुत्र हामिद रजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 5.6.2024 रात्रि 9.30 बजे उसका पुत्र राकिम अपने घर के बाहर रोड पर इमरान की चप्पलों की दुकान के सामने जा रहा था कि तभी दीपक पुत्र मुखराम सिंह निवासी पुष्प विहार काशीपुर, अरसान पुत्र नसीम निवासी ढेला बस्ती, सुभान पुत्र नाजिम उर्फ कछुआ निवासी ढेला बस्ती, फैजान पुत्र नईम निवासी पुष्प बिहार, जीशान पुत्र नईम निवासी पुष्प बिहार, अमन पुत्र नईम निवासी पुष्प बिहार, अरमान पुत्र नईम निवासी पुष्प बिहार, काशीपुर उसके पुत्र राकिम को जान से मारने की नीयत से गंदी-गंदी गालियां देकर हॉकी, बैल्ट, बल्ले व धारदार हथियार से मारने पीटने लगे जिससे उसका पुत्र राकिम घायल हो गया। नाजिम रजा ने बताया कि शोर सुनकर उसका पुत्र आसिफ, वकील पुत्र मंगा निवासी गंगे बाबा रोड, काशीपुर वहां आ गये जिन्होंने राकिम की जान बचाई। उसके सिर, कन्धों, कमर, होठ व जबड़ों में चोट आई है। उनका दूसरा पुत्र आसिफ और पुत्री आसिया घायल राकिम को सरकारी अस्पताल लेकर गये यहां उसका प्राथमिक उपचार हुआ। सिर से ज्यादा खून निकल रहा था तो राकिम को संजीवनी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां राकिम का सीटी स्कैन, एक्सरे हुआ। इसके बाद राकिम को एसके अस्पताल, बैलजूड़ी, जसपुर रोड में भर्ती कराया जहां राकिम की हालत गम्भीर बनी हुई है। उसने उक्त युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। नाजिम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दीपक, अरसान, सुभान, फैजान, जीशान, अमन तथा अरमान के खिलाफ धारा 147, 323, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की है।

# जनता इण्टर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज में आगामी 11 जून तक पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही फलदार पौधे भी लगाए गये। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम सुमित, द्वितीय अनुष्का सागर व तृतीय गौरी सागर तथा सीनियर वर्ग में प्रथम काजल, द्वितीय खुशी पाल एवं विशाल तथा तृतीय सलोनी शर्मा रहीं । जिन्हे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सतीश ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय का सबसे बड़ा संकट पर्यावरण का निरन्तर हो रहा विनाश है जिससे बचने का मात्र एक ही उपाय है अधिक से अधिक वृक्ष लगाना। यदि हम मानव जीवन को बचाना चाहते है तो हमें अनिवार्य रूप



से वृक्षारोपण करना ही होगा ताकि वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में रूद्रपुर क्षेत्र में वर्षा में भी काफी कमी आयी है जिसका कारण भी औद्योगिक विकास और वृक्षों का कटान है। अत: हमे अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को हरा भरा बनाना ही होगा। बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आये और वह अपने माता-पिता एवं समाज को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सके इसलिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, अमित कपूर, रंजीत राज, संजीत चक्रवर्ती, देव्रथ वर्मा, अनिल कन्नौजिया, गोविन्द, तजेन्द्र सिंह, अमित, देवेन्द्र पटेल, निधि, वर्षा, माया राज, रेनू, गीता उराव, ज्योति सिंह, कल्पना, हर्षित, सबीना, ममता, आदि अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# मेडिसिन मोबाईल वैन का संचालन शुरू

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म के टैगोर नगर दुर्गा मंदिर प्रांगण से अंकुर फाउण्डेशन करम इण्डट्री सितारगंज के सौजन्य से मेडिसिन मोबाईल वैन का संचालन प्रारम्भमेडिसिन मोबाईल वैन का संचालन शुरू हुआ। अंकुर फाउण्डेशन के प्रोग्राम मैनेजर दीपक कुमार ने कहा कि इस वैन के द्वारा सितारगंज विधानसभा के प्रत्येक




गाँव मे जाकर नि:शुल्क डाक्टर की परामर्श दिया जायेगा साथ ही दवा भी नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। मोबाइल औषधी वितरण वैन की उद्घ्घाटन के दौरान, नगर पंचायत शक्तिगढ़ के निवर्तमान चेयरमैन, सुनील विश्वास , विक्रम सिंह भण्डारी, रवि मजूमदार, उत्तम मल्लिक, अशोक मण्डल, सुबीर सरकार व सैकड़ो लाभार्थी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**धमाके के साथ फैक्ट्री............** में घायल श्रमिक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां महज उपचार की औपचारिकता निभाकर घायल श्रमिक को साथ आये फैक्ट्री अधिकारी अन्यत्र ले गये। जब चिकित्सालय में अधिकारियों से घायल श्रमिक का नाम पता जानना चाहा तो वह बिना कुछ बताये श्रमिक को साथ लेकर चले गये। इधर चिकित्सालय स्टॉफ का कहना था कि अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय में घायल श्रमिक का नाम पता दर्ज नहीं कराया गया और जल्दबाजी में उसे ले गये। प्रबंधन द्वारा मामला पूरी तरह से दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

**दो माह से गायब छात्र हुई.........**चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायक छात्र की तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चला। परिजनों द्वारा मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने इस मामले में धारा 365 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू किया। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि ग्राम कादलपुर थाना दनकौर नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश शिवकुमार उर्फ छोटू पुत्र भगवान दास उसके घर आता जाता था। किशोरी को उसी में भगाया होगा। पुलिस ने इसी को आधार बनाकर सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के आधार पर मुरादाबाद ठाकुरद्वारा बिजनौर आदि स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश देना शुरू किया इसी बीच फरार अभियुक्त काशीपुर में रोडवेज बस स्टैंड से दबोच लिया गया। पुलिस के मुताबिक वह सुरक्षित ठिकाने की ओर कूंच करने वाला था। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने गायब किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी का मेडिकल परीक्षण करने के बाद पुलिस ने मामले को धारा 363 में तरमीम करते हुए धारा 376 आईपीसी तथा पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया।

**सड़क हादसों में तीन..........**मौके पर बुलट सवार दो लोगों में से रिंकू (35) निवासी ब्रह्मपुरी, कोतवाली नगर, हरिद्वार की मौत हो गई। वहीं दिग्विजय सिंह पुत्र रघुनंदन सिंह निवासी उपरोक्त (38) गंभीर रूप से घायल था। पुलिस बल द्वारा तत्काल 108 सेवा के माध्यम से मृतक तथा घायल को एम्स, ऋषिकेश भिजवाया गया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित थे जिन्हें टेंपो ट्रैवलर में बैठाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। यात्रियों से भरी बस चारधाम यात्रा के बाद बदरीनाथ से हरिद्वार जा रही थी। बस में 32 यात्री सवार थे और अधिकांश महिलाए थी। कोड़ियाला से पहले महादेव चट्टी के पास पीछे से आ रही बुलट में सवार दो लोगों द्वारा बस को ओवरटेक कर आगे निकलने का प्रयास किया गया। इसी दौरान बस द्वारा बुलट को पीछे से टक्कर मार दी गई। बुलट बस के नीचे आ गई। घटना के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया।

**लाखों की स्मैक के साथ.........**उन्होंने अपना नाम पता लखविन्दर सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी ग्राम सिरौजा नानकमत्ता, सरताज पुत्र अकील अहमद निवासी नयागांव सिसैया सितारगंज तथा स्वर्ण सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी ग्राम सिरौजा थाना नानकमत्ता बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने लखविन्दर सिंह के पास से कुल 52 ग्राम स्मैक तथा मोटरसाईकिल संख्या यूके 06बीएफ 8760 बरामद की। सरताज के पास से 50 ग्राम स्मैक तथा स्वर्ण सिंह के कब्जे से 22 ग्राम कुल 124 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। पूछताछ में तीनो ने बताया कि यह स्मैक की खेप नानकमत्ता क्षेत्र से लाकर किच्छा एंव पुलभट्टा क्षेत्र में नशेडी लोगो को बेचने के लिए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत लगभग 5 लाख रूपये है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र सिह बिष्ट, उनि पंकज कुमार, उनि धीरज वर्मा, हेका. रमवीर, कां रमेश सती, इन्द्रप्रकाश, महेन्द्र सिह बिष्ट. दीपक व अनिल कुमार शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338